Roll No. ..........................

Total No. of Pages ; 7

Total No. of Questions : 26

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-23

**विषय कोड : 1211**

## व्यवसाय अध्ययन

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश** : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक **5** अंक का है।

(3) प्रश्न क्रमांक **6** से **10** तक प्रति प्रश्न **2** अंक तथा शब्द-सीमा **30** शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक **11** से **14** तक प्रति प्रश्न **3** अंक तथा शब्द-सीमा **70** शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक **15** से **21** तक प्रति प्रश्न **4** अंक तथा शब्द-सीमा **120** शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक **22** से **26** तक प्रति प्रश्न **5** अंक तथा शब्द-सीमा **150** शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक **6** से **26** तक सभी में आंतरिक विकल्प दिए हैं।

1. सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) निम्न नियोजन का अंतिम चरण है :

(अ) लक्ष्य निर्धारण करना (ब) पूर्वानुमान

(स) विकल्प का चयन (द) अनुसरण करना

(2) वित्त का सबसे सस्ता स्रोत है :

(अ) ऋणपत्र (ब) समता अंश

(स) पूर्वाधिकार अंश (द) प्रतिधारित उपार्जन

(3) कार्यशील पूँजी का स्रोत है :

(अ) देनदार (ब) बैंक अधिविकर्ष

(स) रोकड़ विक्रय (द) ये सभी

(4) मौद्रिक अभिप्रेरणा है :

(अ) बोनस (ब) पेन्शन

(स) अवकाश वेतन (द) ये सभी

(5) औद्योगिक उत्पाद के ग्राहक होते हैं :

(अ) एक व्यक्ति (ब) फुटकर व्यापारी

(स) उद्योगपति (द) ये सभी

2. रिक्त स्थान भरिए :

(1) नियोजन प्रबंध का ...................... कार्य है।

(2) नियम ...................... स्थापित करने में सहायक होते हैं।

(3) विकेन्द्रीकरण में ...................... के वितरण पर बल दिया जाता है।

(4) पदोन्नति भर्ती का ...................... स्रोत है।

(5) प्रशिक्षण में ...................... ज्ञान पर बल दिया जाता है।

3. सत्य/असत्य बताइये :

(1) चयन एक सकारात्मक प्रक्रिया है।

(2) नियन्त्रण जोखिम से सुरक्षा प्रदान करता है।

(3) प्राथमिक बाजार का संबंध नए निर्गमनों से होता है।

(4) प्रबंध के सिद्धांत लोचपूर्ण नहीं होते हैं।

(5) उदारीकरण में उद्योगों को लाइसेन्स लेना अनिवार्य है।

4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(1) अंगूरलता किस प्रकार का संप्रेषण है ?

(2) स्थाई पूँजी प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत कौनसा है ?

(3) महाजन व साहूकार कौनसे मुद्रा बाजार के अंग हैं ?

(4) नियन्त्रण प्रक्रिया में वास्तविक कार्य निष्पादन की तुलना किससे की जाती है।

(5) मुद्रा बाजार का नियन्त्रण किस संस्था द्वारा होता है ?

5. सही जोड़ियाँ बनाइये :

| | 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|---|
| (1) | विज्ञापन | (अ) | वित्तीय नियन्त्रण |
| (2) | धनात्मक अभिप्रेरणा | (ब) | मत देने का अधिकार |
| (3) | भारार्पण | (स) | समाचार-पत्र, रेडियो |
| (4) | समता अंश | (द) | अधिकार |
| (5) | अंकेक्षण नियन्त्रण | (य) | पुरस्कार |

6. मानसिक क्रांति क्या है ?

**अथवा**

समय अध्ययन का अर्थ बताइये।

7. वैश्वीकरण के **दो** उद्देश्य लिखिए।

**अथवा**

व्यावसायिक पर्यावरण से क्या आशय है ?

8. उदारीकरण की **दो** विशेषतायें लिखिए।

**अथवा**

भारत की **चार** आर्थिक नीतियों के नाम लिखिए।

9. नियोजन एक सतत् प्रक्रिया है। संक्षेप में बताइये।

**अथवा**

मोर्चाबन्दी कितने प्रकार की होती है ? बताइये।

10. निर्देशन के कोई **दो** कार्य बताइये।

**अथवा**

नेतृत्व की **दो** विशेषतायें लिखिए।

11. पर्यवेक्षक के कोई **तीन** कार्य बताइये।

**अथवा**

एक नेता के कोई **तीन** प्रभावशाली गुणों को बताइये।

12. मौद्रिक अभिप्रेरणा एवं अमौद्रिक अभिप्रेरणा में **तीन** अन्तर बताइये।

**अथवा**

निर्देशन के **तीन** तत्वों को समझाइये।

13. उपभोक्ता के किन्हीं **तीन** उत्तरदायित्वों को लिखिए।

**अथवा**

उपभोक्ता संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालिए।

14. जिला फोरम की विशेषतायें लिखिए।

**अथवा**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के **तीन** उद्देश्य बताइये।

15. प्रबंध के विभिन्न स्तरों को समझाइये।

**अथवा**

प्रबंध की प्रमुख सीमाओं का वर्णन कीजिये।

16. प्रबंध एवं प्रशासन में अन्तर बताइये।

**अथवा**

समन्वय और सहयोग में अन्तर बताइये।

17. संगठन के **तीन** उद्देश्य बताइये।

**अथवा**

कार्यात्मक संगठन के **चार** लाभ बताइये।

18. रेखा संगठन एवं रेखा कर्मचारी संगठन में अन्तर बताइये।

**अथवा**

अधिकार एवं उत्तरदायित्व में अन्तर समझाइये।

19. स्थायी पूँजी और कार्यशील पूँजी में अन्तर बताइये।

**अथवा**

वित्तीय नियोजन की सीमायें बताइये।

20. उत्पादों के विपणन में लेबलिंग के कार्यों को समझाइये।

**अथवा**

एक अच्छे ब्राण्ड का चयन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

21. विज्ञापन एवं बिक्री संवर्द्धन में अन्तर समझाइये।

**अथवा**

एक अच्छी पेकिजिंग की **चार** विशेषतायें लिखिए।

22. हेनरी फेयोल तथा एफ. डब्ल्यू. टेलर के प्रबंधकीय सिद्धान्तों में अन्तर बताइये।

**अथवा**

प्रबंध के सिद्धान्तों के महत्व को समझाइये।

23. नियम एवं नीतियों में अन्तर बताइये।

**अथवा**

नियोजन के मुख्य महत्व समझाइये।

24. भर्ती के आंतरिक स्रोतों को समझाइये।

**अथवा**

प्रशिक्षण तथा विकास में अन्तर बताइये।

25. नियन्त्रण की विधियों को समझाइये।

**अथवा**

नियन्त्रण की प्रमुख सीमाओं का उल्लेख कीजिये।

26. पूँजी बाजार और मुद्रा बाजार में **पाँच** अन्तर बताइये।

**अथवा**

वित्तीय बाजार के प्रमुख कार्यों की व्याख्या कीजिए।